आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्याःडीजी–चार–स्था0–(287)/2023/559 दिनांक 26.05.2023 द्वारा समयावधि पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप **मुख्य आरक्षी ना0पु0/062013866 दीपक कुमार** का कमिश्नरेट आगरा से कमिश्नरेट कानपुर नगर स्थानांतरण किया गया था, जिसके अनुपालन में पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर के आदेश दिनांक 14.11.2023 व 17.01.2024 द्वारा विलम्ब से उक्त मुख्य आरक्षी को कमिश्नरेट आगरा से कमिश्नरेट कानपुर नगर हेतु स्थानांतरण पर कार्यमुक्त किये जाने के विरूद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में **स्पेशल अपील संख्याः481/2024 मुख्य आरक्षी 1310 ना0पु0/062013866 दीपक कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र, नियुक्ति जनपद कमिश्नरेट आगरा बनाम उ0प्र0 राज्य सरकार व अन्य** योजित की गयी थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक **14.05.2024** को सुनवाई के उपरान्त स्थानांतरण आदेश दिनांक 26.05.2023 एवं कार्यमुक्ति आदेश दिनांक 14.11.2023 व 17.01.2024 को पारित आदेश दिनांक **14.05.2024** द्वारा **quashed** करते हुए याची के स्थानांतरण सेवा की अनिवार्यता एवं विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत नया आदेश पारित किये जाने की छूट प्रदान की गयी है।

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्याः5001/आठ–1–86 दिनांक 11.07.1986 में निहित निर्देशानुसार **मुख्य आरक्षी ना0पु0/062013866 दीपक कुमार** द्वारा कमिश्नरेट आगरा की समयावधि 10 वर्ष से अधिक पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप उक्त स्पेशल अपील में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक **14.05.2024** को पारित किये गये आदेश द्वारा उक्त याची के स्थानांतरण सेवा की अनिवार्यता एवं विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत नया आदेश पारित किये जाने की छूट प्रदान किये जाने के समादर में **मुख्य आरक्षी ना0पु0/062013866 दीपक कुमार** को कमिश्नरेट आगरा से अलीगढ़ परिक्षेत्र स्थानांतरित किया जाता है। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्याःएएसपी–(ई–1)–(जनहित/मा0 उच्च न्याया0)–538/2024 दिनांक 06.08.2024** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है। कर्मी का गृह जनपद मैनपुरी है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA(538)2024/1566 DT 06-08-2024

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002

संख्याःडीजी–चार–स्था0–(538)/2024/1566 **दिनांकःअगस्त 06, 2024**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 पुलिस आयुक्त, आगरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को 10 दिवस के अन्दर कार्यमुक्त करते हुए सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

2 पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ़ परिक्षेत्र, अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।